आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
मंगलवार 13.05.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पंजाब के आदमपुर वायुसेना केंद्र का दौरा किया, बहादुर योद्धाओं और सैनिकों से बातचीत की, कहा– भारत सशस्त्र बलों का हमेशा आभारी रहेगा।
- राज्य सरकार ने पौड़ी जिले के उप जिला चिकित्सालय, थलीसैण में ढांचागत सुविधाओं के विकास और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिये करीब 214 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई के 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित।
- चम्पावत जिले के लोहाघाट में आयोजित जिला स्तरीय कौशलम् एक्सपो में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने अपने कौशल का प्रस्तुतिकरण दिया।

प्रधानमंत्री आदमपुर दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सवेरे पंजाब में आदमपुर वायुसेना केंद्र का दौरा किया और वीर जवानों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान श्री मोदी ने जवानों के शौर्य की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया। प्रधानमंत्री ने वीर जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत माता की जय सिर्फ उद्घोष नहीं है, यह देश के हर उस सैनिक की शपथ है, जो माँ भारती के सम्मान में जान की बाजी लगा देता है। उन्होंने कहा कि ''भारत माता की जय'' मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत के सैनिक मां भारती की जय बोलते हैं, तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब हमारी मिसाइलें सनसनाती हुई निशाने पर पहुंचती हैं, तब दुश्मन को सुनाई देता है ''भारत माता की जय''।

धनराशि मंजूर

राज्य सरकार ने पौड़ी जिले के उप जिला चिकित्सालय, थलीसैण में ढांचागत सुविधाओं के विकास और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिये करीब 214 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। इससे थलीसैंण, वीरोंखाल, पोखड़ा और पाबौ के आंशिक क्षेत्र की लगभग एक लाख की आबादी को उच्च स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही लोगों को हर बीमारी के उपचार के लिये हायर सेंटर का रूख नहीं करना पड़ेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार उप जिला अस्पताल बनने से स्वास्थ्य केन्द्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। जिसमें बाल रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, स्त्री रोग और हड्डी रोग विशेषज्ञ, फिजीशियन, सर्जन, महिला चिकित्साधिकारी, इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, पैथोलॉजिस्ट आदि शामिल हैं।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि थलीसैण उप जिला चिकित्सालय के लिये स्वीकृत धनराशि से अस्पताल में अवस्थापना कार्यों के साथ ही चिकित्सा सुविधाओं को भी अपग्रेड किया जायेगा। जिसका लाभ थलीसैण सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की एक लाख से अधिक आबादी को मिलेगा।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। अब तक साढ़े पांच लाख से अधिक श्रद्धालु चारों धाम के दर्शन कर चुके हैं। प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। पयर्टन सचिव, सचिन कुर्वे ने बताया कि श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सरकार ने पंजीकरण के लिए एक अच्छी पहल की है। उन्होंने बताया कि अगर कोई श्रद्धालु 25 या उससे ज्यादा की संख्या में एक साथ यात्रा करते हैं, तो वे जहां ठहरे हैं, वहीं पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण करने वाली टीम स्वयं पहुंचकर उनका पंजीकरण करेगी।

सीबीएसई

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड – सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष 12वीं कक्षा के 88 दशमलव तीन–नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव चार–एक प्रतिशत अधिक है। 12वीं कक्षा के परिणामों में इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी है। वहीं, 10वीं कक्षा के 93 दशमलव 6–6 प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की। दसवीं की परीक्षा में भी लड़कियों ने फिर लड़कों से बाजी मारी है। 95 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की, जो कि लड़कों के मुकाबले 2 दशमलव 3–7 प्रतिशत अधिक है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, समर्पण और अटूट संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन विद्यार्थियों का परिणाम उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा, वे निराश न हों, यह जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं है। यह स्वयं को और बेहतर बनाने, आत्ममंथन करने और नए सिरे से आगे बढ़ने का अवसर है।

कौशलम् एक्सपो

चम्पावत के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, लोहाघाट में जिला स्तरीय कौशलम् एक्सपो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने अपने कौशल का प्रस्तुतिकरण दिया। संस्थान के प्राचार्य दिनेश सिंह खेतवाल ने बताया कि स्थानीय संसाधनों के उपयोग कर कैसे उद्यमशील मानसिकता का विकास किया जाता है, इसको लेकर यह प्रदर्शनी लगाई गई है।

जिला समन्वयक डॉ. कमल गहतोड़ी ने बताया कि कौशलम् एक्सपो में जिले के बिजनेस सपोर्ट फंड द्वारा आच्छादित 22 माध्यमिक विद्यालयों के 70 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

गोमुख ट्रैक

उत्तरकाशी जिले में स्थित गोमुख ट्रैक खुलने के बाद से अब तक एक हजार से अधिक ट्रैकर्स, पर्वतारोही और पर्यटक गंगोत्री ग्लेशियर के दर्शन कर चुके हैं। पार्क प्रशासन के अनुसार भोजबासा में भी ट्रॉली का संचालन शुरू कर दिया गया है। गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट एक अप्रैल को खुल गए थे, लेकिन उसके बाद गोमुख ट्रैक पर करीब आठ विशालकाय ग्लेशियर आने के बाद वहां पर आवाजाही शुरू नहीं हो पाई थी। पार्क प्रशासन ने करीब 25 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक को आवाजाही के लिए सुचारू करवाया। कनखू बैरियर चौकी इंचार्ज वन दरोगा राजवीर रावत ने बताया कि अब तक दो पर्वतारोहियों का दल गंगोत्री ग्लेशियर की केदारडोम और सतोपंथ चोटी के आरोहण के लिए गया है।

वहीं, ट्रैकर्स के जाने से पहले पॉलिथीन, सेटेलाइट फोन आदि की सघन जांच करने के बाद ही पार्क के नियमानुसार उन्हें भेजा जा रहा है।